**UPSI180020812020**
**न्यायालय Civil Judge Junior Division, Sitapur**
पीठासीन अ धकारी (Mayank Prakash), **(उ०प्र० न्यायिक सेवा ) - UP02293**

## मूलवाद सं० - Civil Suit/257/2020

श्रीचन्द्र बनाम बनवारी आदि

**दिनॉक–10.09.2020**

प्रार्थना–पत्र 6ग मय शपथ–पत्र एवं प्रा0 पत्र 8ग वादी की ओर से प्रस्तुत किया गया।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

**निस्तारण प्रार्थना–पत्र 6ग2**

वादी द्वारा प्रा0 पत्र 6ग2 इस कथन के साथ प्रस्तुत किया गया है कि नक्शा संलग्न वाद–पत्र में अक्षर अ,ब,स,द से प्रदर्शित भूमि वादी का प्लाट है। यह प्लाट ग्राम श्यामदासपुर की आवासीय सीमा में स्थित है, जिसके बीचो–बीच में पूरब से पश्चिम को कच्ची दीवाल बनी है, जिस पर वादी की टीन शेड रखी है। इस प्लाट का तनहा मालिक, काबिज वादी है। वादी के इस प्लाट के पूरब प्रतिवादीगण की कच्ची कोठरी बनी है, जिसका दरवाजा पूरब की ओर है तथा कोठरी से निकलकर प्रतिवादीगण पूरब को जाते हैं। वादी के प्लाट से प्रतिवादीगण का कोई वास्ता–सरोकार नहीं है, किन्तु प्रतिवादीगण वादीय प्लाट पर जबरन कब्जा करके उस पर पक्का निर्माण कर लेना चाहते हैं। अतः प्रतिवादीगण को निषेधित किया जाय।

वादी की ओर से वादीय सम्पत्ति के सम्बन्ध में ऐसा कोई अभिलेखीय साक्ष्य दाखिल नहीं किया गया है, जिससे इस स्तर पर वादीय सम्पत्ति पर वादी के स्वत्व व अध्यासन सम्बन्धी अवधारणा की जा सके। इस कारण कोई निषेधाज्ञा आदेश पारित किये जाने से पूर्व प्रतिवादीगण को सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाना न्यायहित में आवश्यक है।

**आदेश**

प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। वादी पैरवी करे। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रा0–पत्र 6ग दिनांक–05.10.2020 को पेश हो।

सिविल जज (जू0 डि0)
महमूदाबाद,सीतापुर।
J.O. Code-UP-2293

**निस्तारण प्रार्थना–पत्र 8ग2**

प्रार्थना–पत्र 8ग2 वादी की ओर से नियुक्त किये जाने कमीशन हेतु प्रस्तुत किया गया है।

न्यायहित में प्रा0 पत्र 8ग2 स्वीकार किया जाता है। बाद पैरवी सूची में नामित अगले कम के अधिवक्ता कमिश्नर को नोटिस जारी हो। कमिश्नर अपनी आख्या मय मानचित्र नियत तिथि तक प्रस्तुत करें।

सिविल जज (जू0 डि0)
महमूदाबाद,सीतापुर।
J.O. Code-UP-2293

अजय / –



Digitally signed by Mayank Prakash
Date: 2020.09.10 15:44:52 IST
Reason: Document Owner
Location: Civil Judge J.D./J.M. Mahmudabad, Sitapur